महाराणा प्रताप महाविद्यालय
28-5-25
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 306

## B.A. VI$^{th}$ SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

## Bhasha Vigyan, Hindi Bhasha tatha Devnagari Lipi (Dvitiya)

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**5421**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________

Roll No. (In Words) : ____________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. मनुष्य के भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है –

(A) विचार

(B) इच्छाएँ

(C) भाषा

(D) इनमें से कोई नहीं

2. अपभ्रंश भाषा का काल इनमें से है –

(A) 1500 ई०पू० से 500 ई०पू०

(B) 500 ई०पू० से 1 ई०पू०

(C) 500 ई० से 1000 ई०

(D) 1000 ई० से 1500 ई० तक

3. "भाषा विज्ञान उस शास्त्र को कहते हैं, जिसमें भाषा मात्र के भिन्न–भिन्न अंगों और स्वरूपों का विवेचन तथा निरूपण किया जाता है।" यह कथन किस विद्वान का है ?

(A) डॉ० श्याम सुंदर दास का

(B) बाबूराम सक्सेना का

(C) भोलानाथ तिवारी का

(D) क्लीसन का

4. हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता कब मिली ?

(A) 26 जनवरी, 1950 को

(B) 14 सितंबर, 1949 को

(C) 15 अगस्त, 1947 को

(D) 14 सितंबर, 1955 को

9.

5. राहुल सांकृत्यायन ने भोजपुरी को नाम दिया है –

(A) मल्ली

(B) काशिका

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण का आधार है –

(A) रूपरचना

(B) ध्वनि

(C) इतिहास

(D) अर्थ

7. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेद में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?

(A) 343–351 तक

(B) 434–315 तक

(C) 443–135 तक

(D) 334–153 तक

8. हिंदी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन–सा है ?

(A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी

(B) प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, पालि

(C) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, हिंदी

(D) हिंदी, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश

9. मुंडा भाषा परिवार का क्षेत्र कौन–सा है ?

(A) राजस्थान

(B) मध्यप्रदेश

(C) तमिलनाडु

(D) छोटा नागपुर

10. भारतीय भाषाओं को भारतीय संविधान की किस अनुसूची में शामिल किया गया है ?

(A) अष्टम

(B) सप्तम

(C) नवम

(D) दशम

11. शब्द रचना में किसका योगदान नहीं होता ?

(A) प्रत्यय का

(B) पद का

(C) धातु का

(D) उपसर्ग का

12. हिंदी भाषा का संबंध किससे है ?

(A) शौरसेनी अपभ्रंश से

(B) पैशाची अपभ्रंश से

(C) पश्चिमी प्राकृत से

(D) अर्धमागधी अपभ्रंश से

13. 'हिंदुस्तानी' भाषा का रूप क्या है ?

(A) संस्कृतनिष्ठ

(B) हिंदी उर्दू मिश्रित

(C) दक्खिनी हिंदी

(D) ब्रज अवधी का मिश्रित रूप

14. 'ग्रिम नियम' का संबंध किससे है ?

(A) स्वनिम विज्ञान से

(B) बोली विज्ञान से

(C) अर्थ विज्ञान से

(D) कोश विज्ञान से

15. निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है ?

(A) मराठी

(B) गुजराती

(C) मलयालम

(D) हिंदी

16. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है ?

(A) बैसवाड़ा की

(B) आरा–भोजपुर की

(C) बनारस की

(D) मगध की

17. संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन–सी भाषा शामिल नहीं है ?

(A) बोडो

(B) मैथिली

(C) भोजपुरी

(D) डोगरी

18. बिहारी उपभाषा वर्ग के अंतर्गत कौन–सी बोली नहीं आती है ?

(A) भोजपुरी

(B) बुंदेली

(C) मगही

(D) मैथिली

19. अंग्रेजी सरकार की ओर से अदालत का कामकाज देश की प्रचलित भाषाओं में करने का 'इश्तहारनामा' किस सन् में निकला ?

(A) सन् 1816 में

(B) सन् 1826 में

(C) सन् 1836 में

(D) सन् 1846 में

20. देवनागरी लिपि का विकास ब्राह्मी लिपि के किस शैली से हुआ है ?

(A) उत्तरी शैली से

(B) दक्षिणी शैली से

(C) पूर्वी शैली से

(D) पश्चिमी शैली से

21. मूल संविधान में कुल कितनी भाषायें थीं ?

(A) 12

(B) 14

(C) 16

(D) 18

22. 'राजभाषा आयोग' का गठन किसकी अध्यक्षता में किया गया ?

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) गोविन्द बल्लभ पंत

(C) सी राजगोपालाचारी

(D) महात्मा गाँधी

23. राजभाषा (विधायी) आयोग को कब समाप्त किया गया ?

(A) 1976 में

(B) 1961 में

(C) 1973 में

(D) 1968 में

24. भाषा का क्षेत्रीय रूप कहलाता है –

(A) बोली

(B) विभाषा

(C) भाषा

(D) संपर्क भाषा

25. हिंदी की विशिष्ट बोली ब्रजभाषा प्रसिद्ध है –

(A) तकनीकी भाषा

(B) राजभाषा

(C) काव्यभाषा

(D) राष्ट्रीय भाषा

26. असंगत कथन का चयन कीजिए –

(A) कन्नौजी, कौरवी, खड़ी बोली, हरियाणवी 'पश्चिमी उपभाषा' की बोलियाँ हैं

(B) 'बिहारी हिंदी' उपभाषा के अंतर्गत मगही, भोजपुरी और मैथिली बोलियाँ आती हैं

(C) मारवाड़ी, मेवाती, जयपुरी, मालवी 'राजस्थानी हिंदी' की बोलियाँ हैं

(D) बघेली, छत्तीसगढ़ी 'पहाड़ी हिंदी' की बोलियाँ हैं

27. स्वनिम को और क्या कहते हैं ?

(A) अक्षर

(B) स्वर

(C) ध्वनि

(D) अक्षर

28. नासिक्य व्यंजनों का दूसरा नाम क्या है ?

(A) अनुस्वार

(B) पंचमाक्षर

(C) संयुक्ताक्षर

(D) बद्धाक्षर

29. 'पुरानी हिंदी' नामकरण किसने किया ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(B) इंशा अल्ला खां ने

(C) चंद्रधर शर्मा गुलेरी ने

(D) रामचंद्र शुक्ल ने

30. "हिंदू मग पर पाँव न राख्यौ

का बहुतैं जो हिंदी भाख्यौ"

ये काव्य पंक्तियाँ किस बोली में हैं ?

(A) बुंदेली में

(B) भोजपुरी में

(C) ब्रज में

(D) अवधी में

31. निम्नलिखित में से कौन द्रविड़ परिवार की भाषा है ?

(A) असमिया

(B) उड़िया

(C) कन्नड़

(D) बंगला

32. 'दोहा' या 'दूहा' किस [illegible] का लोकप्रिय छन्द रहा है ?

(A) पालि का

(B) प्राकृत का

(C) अपभ्रंश का

(D) अवधी का

33. अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित बोली है –

(A) ब्रजभाषा

(B) बघेली

(C) भोजपुरी

(D) बांगरू

34. भाषा सुनिश्चित प्रयत्न के फलस्वरूप मनुष्य के मुख या वाणी से निःसृत वह सार्थक ध्वनि समष्टि है, जिसका विश्लेषण और अध्ययन किया जाता है।' उक्त कथन किस विद्वान का है ?

(A) कामता प्रसाद गुरू का

(B) भोलानाथ तिवारी का

(C) श्याम सुंदर दास का

(D) बाबू राम सक्सेना का

35. ए पेई के अनुसार "भाषा की कहानी ________ कहानी है।"

(A) मौखिक प्रतीकों की

(B) समाज की

(C) सभ्यता की

(D) संस्कृति की

36. "देसिल बअना सब जन मिट्ठा, ते जैसन जम्पओं अवहट्ठा।" किसका कथन है ?

(A) सूरदास का

(B) विद्यापति का

(C) तुलसीदास का

(D) कबीरदास का

37. इनमें से कौन सी भाषा मध्य भारतीय आर्यभाषा काल की नहीं है –

(A) अपभ्रंश

(B) पालि

(C) प्राकृत

(D) संस्कृत

38. संदेश रासक के रचयिता हैं –

(A) जगनिक

(B) अबुल फजल

(C) अब्दुर्रहमान

(D) खुसरो

39. इनमें अवधी भाषा की प्राचीनतम कृति कौन सी है ?

(A) रामचरित मानस

(B) पद्मावत

(C) चित्रावली

(D) चंदायन

40. लखनऊ–बाराबंकी किस बोली के क्षेत्र में आते हैं –

(A) कन्नौजी

(B) बैसवाड़ी

(C) अवधी

(D) बुंदेली

41. उत्तर प्रदेश सरकार ने 1947 में लिपि सुधार समिति का गठन किसकी अध्यक्षता में किया था ?

(A) डॉ० राधाकृष्णन की

(B) आचार्य नरेंद्र देव की

(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल की

(D) बी० जी० खेर की

42. इनमें से कौन सा गुण देवनागरी में नहीं है ?

(A) उच्चारण और लेखन में एकरूपता

(B) शब्दों में प्रत्येक ध्वनि का लेख (ध्वन्यात्मकता)

(C) प्रत्येक वर्ण का निश्चित उच्चारण

(D) अनुच्चप्ति ध्वनियों का अभाव

43. मराठी भाषा की लिपि कौन सी है ?

(A) फारसी

(B) गुजराती

(C) देवनागरी

(D) मराठी

44. सरकारी कामकाज की वह भाषा जिसे संविधान ने सरकारी कामकाज के लिए स्वीकृत किया है, क्या कहलाती है ?

(A) राष्ट्रभाषा

(B) राजभाषा

(C) मातृभाषा

(D) उपरोक्त सभी

45. संविधान के किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है ?

(A) 347 में

(B) 348 में

(C) 343 में

(D) 345 में

46. बनारस की मुख्य बोली है –

(A) बिहारी

(B) मैथिली

(C) मगही

(D) भोजपुरी

47. ग्रियर्सन भोजपुरी को किस भाषा की बोली मानते हैं –

(A) हिंदी की

(B) राजस्थानी की

(C) बिहारी की

(D) मगही की

48. भोजपुरी का शेक्सपियर किसे कहते हैं –

(A) मोती बीए

(B) भिखारी ठाकुर

(C) सूरदास

(D) कबीरदास

49. भोजपुरी भाषा की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है ?

(A) शौरसेनी से

(B) मागधी से

(C) अर्धमागधी से

(D) ब्राचड़ से

50. किस लिपि को बाएं से दाएं की ओर लिखा जाता है –

(A) खरोष्ठी लिपि को

(B) ब्राह्मी लिपि को

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

*****